हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 13 नवंबर 2024
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



## खबर संक्षेप



### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने डॉ. रमन से की मुलाकात

**रायपुर।** सर्व क्षत्रिय राजपूत संगठन छत्तीसगढ़ की केंद्रीय समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने रविवार को राजधानी स्थित विधानसभा अध्यक्ष भवन में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात की। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। इससे पहले रविवार की दोपहर ठाकुर विघ्नहरण सिंह भवन सरोना में 15 राजपूत संगठनों की बैठक हुई। दंतेवाड़ा जिले के रहने वाले अवधेश सिंह को सर्वसम्मति से सर्व क्षत्रिय राजपूत संगठन की केंद्रीय समिति का अध्यक्ष चुना गया है। इसी प्रकार जांजगीर-चांपा जिले के रहने वाले देवेश सिंह उपाध्यक्ष, डॉ. शंकर सिंह गहरवाल संरक्षक, रामकुमार सिंह राजावत कार्यकारी सदस्य, रविंद्र सिंह सलाहकार, श्रवण सिंह चौहान उपाध्यक्ष, गजेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष चुने गए। साथ ही कार्यकारिणी सदस्य शिवभान सिंह भदौरिया एवं नयन सिंह परिहार को बनाया गया।

### छत्तीसगढ़ में अग्निशमन सेवाओं का होगा विस्तार

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में आगजनी जैसी घटनाओं में होने वाले बड़े जान-माल के नुकसान को रोकने के लिए जल्द ही अग्निशमन सेवाओं का विस्तार के साथ आधुनिकीकरण किया जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार ने 147.76 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के कई जिलों में अग्निशमन सेवाओं का विस्तार कर उसे आधुनिकीकरण बनाया जाएगा, ताकि भीषण आग पर भी आसानी से काबू पाया जा सके।
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति ने राज्यों में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण योजना के तहत छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लिए 725.62 करोड़ रुपए की तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी। इसमें छत्तीसगढ़ के लिए 147.76 करोड़ रुपए, ओडिशा के लिए 201.10 करोड़ और पश्चिम बंगाल के लिए 376.76 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। एनडीआरएफ के तहत 5 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। इसके तहत 15 राज्यों के 2542.12 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के प्रस्तावों को पहले ही मंजूरी दी गई है। समिति ने अब छत्तीसगढ़ सहित तीन राज्यों की परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

### फेडरेशन ने पेंशनर्स फोरम का किया गठन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने पेंशनर्स फोरम का गठन किया है। फेडरेशन ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रदेशभर से पेंशनरों की समस्याओं के लिए फेडरेशन के बैनर फोरम बनाने की मांग की गई थी। फेडरेशन की प्रांत स्तरीय बैठक में पेंशनर्स फोरम का गठन करने का प्रस्ताव पारित किया गया। फोरम के प्रदेश संयोजक बीपी शर्मा, सलाहकार फेडरेशन एवं महासचिव डॉ केएल तांडेकर को नियुक्त किया गया है। सभी जिलों में संयोजक की नियुक्ति की गई है।

# मंत्री श्याम बिहारी बोले- सरकार की उपलब्धियों के दम पर जीतेंगे रायपुर दक्षिण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के मंत्री और दक्षिण उपचुनाव के प्रभारी श्याम बिहारी जायवाल ने कहा, भाजपा सरकार का एक साल भी पूरा नहीं हुआ है और इतने कम समय में हमने काम करके दिखाया है। हमारी सरकार की उपलब्धियों के दम पर हम रायपुर दक्षिण का चुनाव जीत रहे हैं। सरकार की उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाने का काम हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,

- घर-घर तक जो नल जल पानी पहुंचाने की पीएम मोदी की योजना है उसको हम पूरा करने वाले हैं
- प्रदेश में नक्सलवाद दम तोड़ रहा है



उमुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा सहित सात मंत्रियों और 18 विधायक कर रहे हैं।

एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री जायसवाल ने कहा, प्रदेश के हमारे पदाधिकारी और रायपुर संभाग के और विशेष रूप से रायपुर दक्षिण के कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत के साथ इस चुनाव अभियान में भाग लिया। श्री जायसवाल ने कहा, हमारी सरकार की जो महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं और विकास के बलबूते हम इस चुनाव को जीतने जा रहे हैं। प्रदेश में पूरे खुशहाली का वातावरण आज है। घर-घर तक जो नल जल पानी पहुंचाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना है उसको हम पूरा करने वाले हैं। हजारों श्रद्धालु प्रतिमाह रामलला के दर्शन करने जा रहे हैं। इसी प्रकार नक्सलवाद के मोर्चे पर भी प्रदेश सरकार ने सफलता अर्जित की है और विगत 10 महीने में हमारी सरकार ने 200 नक्सलियों को मार गिराया, 800 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया और 738 नक्सलियों को गिरफ्तार करके जेल में डाला गया है। प्रदेश में नक्सलवाद दम तोड़ रहा है।

### भाजपा विश्वास और कांग्रेस विश्वासघात का नाम : शिवरतन

प्रदेश उपाध्यक्ष और रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा, भाजपा विश्वास का नाम है जबकि कांग्रेस विश्वासघात का नाम है। भ्रष्टाचार और अपराध कांग्रेस रूपी सिक्के के दो पहलू हैं। श्री शर्मा ने कहा, कांग्रेस ने प्रदेश में अपने पांच साल और नगर निगम में 15 वर्षों के शासनकाल में केवल वादाखिलाफी करते जनता से किए गए अपने वादों से मुकरने का काम किया। श्री शर्मा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज समेत कांग्रेस नेताओं से सवाल किया कि आखिर रायपुर दक्षिण की जनता कांग्रेस को वोट क्यों करें। कांग्रेस ने ऐसा कौन सा काम किया है, जिसके लिए रायपुर की जनता कांग्रेस का समर्थन करे।

## 20 हजार सदस्य बनाने वालों को सदस्यता भूषण और सौ सदस्य वालों को शतकवीर पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा ने सदस्यता अभियान में सौ या इससे ज्यादा सदस्य बनाने वालों के लिए पुरस्कारों की घोषणा की है। इसी के साथ जो सदस्य तीन हजार या इससे ज्यादा बनाने में सफल हुए हैं, उनको मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन करने का मौका मिलेगा। सदस्य बनाने वालों का सम्मान भी होगा।

- भाजपा संगठन ने की विभिन्न पुरस्कारों की घोषणा

भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने बताया, 100 से अधिक सदस्य बनाने वालों को जिला स्तर पर सदस्यता शतक वीर पुरस्कार, 500 से अधिक सदस्य बनाने वालों को सदस्यता शक्ति पुरस्कार, 1000 से ज्यादा सदस्य बनाने वालों को सदस्यता दीप और प्रदेश स्तर पर 3000 से ज्यादा सदस्य बनाने वालों को सदस्यता श्री, 5000 से ज्यादा सदस्य बनाने वालों को सदस्यता गौरव, 10000 से ज्यादा सदस्य बनाने वालों को सदस्यता रत्न और 20000 से ज्यादा सदस्य बनाने वालों को सदस्यता भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही विधायकों, सांसदों को पृथक से सम्मानित किया जाएगा।

श्री सिंहदेव ने कहा, भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर लगातार कार्य कर रही है। बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल, जिला एवं प्रदेशस्तरीय सदस्यता अभियान का कार्यक्रम लगातार जारी है। श्री सिंहदेव ने कहा, सदस्यता अभियान के इन पुरस्कारों का वितरण जिलास्तर पर प्रभारी मंत्री, सांसद, प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में किया जाएगा। प्रदेशस्तरीय के पुरस्कार का वितरण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की उपस्थिति में प्रदान किया जाएगा।

### वेतन विसंगति दूर कर पूर्व सेवा अवधि की गणना की मांग

## 146 विकासखंडों में सहायक शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के एलबी संवर्ग सहायक शिक्षकों ने सोमवार को मोदी की गारंटी लागू करने सहित 5 सूत्रीय मांग को लेकर छत्तीसगढ़ के 146 विकासखंडों में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर लामबंद सहायक शिक्षक एलबी संवर्ग द्वारा 2 माह का चरणबद्ध आंदोलन पूर्व सेवा गणना मिशन अभियान में तय किया गया है।

प्रदेश संयोजक मनीष मिश्रा ने बताया कि सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत, समयमान वेतनमान प्रदान करने और भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन के प्रावधान की मांग की जा रही है। इसके साथ ही शिक्षक व कर्मचारियों को केन्द्र के समान 1 जुलाई 2024 से 3 फीसदी महंगाई भत्ता देने तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियस राशि का समायोजन जीपीएफ सीजीपीएफ खाते में करने की मांग प्रमुखता से की जा रही है।

रायपुर संभाग के सहायक शिक्षकों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग, धरसींवा, अभनपुर और तिल्दा स्थित शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जाकर



- प्रदेशभर के एलबी संवर्ग के सहायक शिक्षकों ने शासन का ध्यान आकर्षित कराया
- क्रमोन्नत समयमान वेतनमान का आदेश जारी हो

मुख्यमंत्री के नाम 5 सूत्रीय मांग पत्र विभागीय अधिकारी को सौंपा। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर इकाई पिथौरा में ब्लाक संचालक महेन्द्र चौधरी, षड़ानंद भोई की अगवाई में सुधीर प्रधान प्रांतीय उप संचालक, दिनेश नायक जिला संचालक की उपस्थिति में अनुविभागीय अधिकारी पिथौरा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से नरेश पटेल, कौतुक पटेल, दुर्वासा गोस्वामी, डोलामणि साहू, एनपी तिवारी, विजय प्रधान, गौरीशंकर पटेल अक्षय कुमार साहू, विवेक वर्मा, नारायण गभेल, संजय प्रधान विनोद खलखो, संतोषी ठाकुर, सुनीता सोनी सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे। सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति, क्रमोन्नति, पदोन्नति और पुरानी पेंशन के लिए पूर्व सेवा गणना को लेकर कांकेर जिले के विकासखंड कोयलीबेड़ा में शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपकर अपने लंबित मांग पूरा करने प्रदर्शन किया।

## डॉग शेल्टर का 80 फीसदी काम पूरा, 70 कुत्तों को एक साथ रखने की व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सोनडोंगरी में नगर निगम का पहला डाग शेल्टर होम जल्द शुरू होगा। सेंटर निर्माण का 80 फीसदी का काम पूरा कर लिया गया है। प्लास्टर कार्य, पेंटिंग सहित फिनिशिंग का काम होना बाकी है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन 8 कमिश्नर एके हालदार, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता को बकाया कार्य 1 माह के भीतर पूरा करने निर्देश दिए हैं। नवनिर्मित डॉग शेल्टर सेंटर में एक साथ 70 कुत्तों को रखने की व्यवस्था रहेगी। साथ ही सर्जरी के लिए अलग से आपरेशन थियेटर और पशु चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे।

- शहर से बाहर जा रहे नागरिक अपने पालतू कुत्तों को सेंटर में छोड़ सकेंगे
- बीमार, दुर्घटना में चोटिल कुत्तों की देखभाल व उपचार
- सर्जरी के लिए आपरेशन थियेटर, पशु चिकित्सक रहेंगे उपलब्ध

राजधानी में बीमार, कमजोर तथा सड़क दुघर्टना में चोटिल कुत्तों की देखरेख और उपचार की सुविधा देने सोनडोंगरी में प्रदेश का पहला डाग शेल्टर सेंटर बनाया जा रहा है। इस सेंटर में शहर के बाहर जा रहे नागरिक अपने पालतू कुत्तों को देखभाल के लिए छोड़ सकेंगे। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक एनजीओ की सहभागिता से पालतू कुत्तों के लिए अलग से व्यवस्था देकर देखभाल की जाएगी। इसके लिए एनजीओ से संपर्क किया जा रहा है। जोन कमिश्नर एके हालदार ने कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता की उपस्थिति में सोमवार को सोनडोंगरी पहुंचकर डाग शेल्टर सेंटर के निर्माण कार्यों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। साथ ही अनुबंधित ठेकेदार को फिनिशिंग कार्य शीघ्र पूरा करने निर्दश दिए।

## ब्राह्मण कल्याण समाज का आंवला नवमी पूजन के साथ वार्षिक उत्सव का भी हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

सर्व ब्राह्मण कल्याण समाज बलौदा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आंवला नवमी का पूजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप आचार्य नित्यानंद मिश्रा जिला अध्यक्ष जिला उत्कल ब्राह्मण समाज महासमुंद, कृष्ण मुरारी पाणिग्रही अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण कल्याण समाज बलौदा, विशिष्ट अतिथि महादेव साहू संयोजक सर्व ब्राह्मण कल्याण समाज, नवीनेंद्र आचार्य, सुरेश कर, जगन्नाथ मिश्रा, सुरेश पाणिग्रही, सुनील पाणिग्रही, नरेश कर, मुरलीधर पाढ़ी, कपिलेश्वर पाढ़ी, खिरोद कर, रामलाल दास, गोविंद कर रहे।

सर्वप्रथम आचार्य रामलाल दास द्वारा समस्त ब्राह्मण समाज के महिला सदस्यों की उपस्थिति में विधिवत रूप से आंवला नवमी का पूजन किया गया। तत्पश्चात वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मुख्य



अतिथि नित्यानंद मिश्रा द्वारा पूरे समाज के विकास के बारे में उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम में विप्र समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के उत्कृष्ट कार्यकर्ता पीतांबर दास, चूड़ामणि महापात्र, सुशील महापात्र, अशोक महापात्र, गोविंद कर, रामलाल दास, श्रीजैन दास, भोजराज दास, निरुपमा देवता, सहदेव पंडा का साल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के सचिव श्याम सुंदर साहू कोषाध्यक्ष, मानस सहसचिव, शिवराज वादी, अनंत राम कर, दमयंती पाणिग्रही, कमला पाढ़ी, रुक्मणी पाणिग्रही, निरुपमा देवता, हिमसागर रथ, मनोज आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी सर्व ब्राह्मण कल्याण समाज बलौदा के मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता संजय दास ने दी है।

### अज्ञात कार की चपेट में आकर युवक की मौत

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र में अज्ञात कार की ठोकर लगने से एक बाइक चालक युवक की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। मठपुरैना मेनरोड भाठागांव के पास एक तेज रफ्तार सफेद रंग की कार ने हरविंदर की बाइक को ठोकर मार दी और मौके से फरार हो गया।



















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# दो ऑक्सीजन प्लांट फिर भी जिला अस्पताल के मरीज ऑक्सीजन सिलेंडर के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला अस्पताल में वैसे तो दो-दो प्लांट हैं, मगर यहां भर्ती होने वाले मरीजों को आवश्यकता होने पर गैस मैनिफोल्ड यानी सिलेंडर की मदद से ऑक्सीजन दी जा रही है। महामारी के दौरान यहां स्थापित प्लांट की पाइप लाइन केवल कोविड वार्डों तक ऑक्सीजन सप्लाई करने में सक्षम है। वहीं आयुष विवि से आपदाकाल के बाद शिफ्ट प्लांट की पाइप ओटी सहित सभी वार्डों तक फैली है, मगर उसमें खराबी आ गई है।

अस्पताल सूत्रों का कहना है कि पिछले पंद्रह दिन मरीजों को सिलेंडर के जरिए ऑक्सीजन की सप्लाई की जा रही है। बिगड़े प्लांट को सुधारने के लिए सीजीएमएससी को पत्र प्रेषित तो किया गया है, मगर उनकी ओर से अब तक सुधार के लिए किसी तरह की कार्यवाही नहीं की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक जिला अस्पताल में कोविड महामारी के दौरान ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की गई थी। उस दौरान जिला अस्पताल में बनाए गए कोविड आईसोलेशन वार्ड, प्री फैब्री वार्ड तक पाइप लाइन लगाया गया था ताकी तीसरी लहर के दौरान आपात स्थिति हो तो मरीजों को वहां भर्ती किया जा सके। इसके बाद कोविड की आपात स्थिति समाप्त हुई तो आयुष विश्वविद्यालय में स्थापित एक ऑक्सीजन प्लांट को लाकर करीब सालभर पहले जिला अस्पताल में स्थापित किया गया था। इसकी पाइप लाइन मुख्य अस्पताल भवन के ऑपरेशन थियेटर और अन्य वार्डों से कनेक्ट किया गया था। प्लांट से मिलने वाले ऑक्सीजन के बाद सिलेंडर पर निर्भरता खत्म हो गई थी। पंद्रह दिन पहले इसमें खराबी आ गई है सप्लाई बाधित हो गई है जिसके सुधरने का इंतजार किया जा रहा है।

### कुछ स्थानों पर अभी भी डंप

कोरोनाकाल में रायपुर जिले के कुछ अन्य स्थानों में भी बनाए गए आईसोलेशन वार्ड को ध्यान में रखते हुए ऑक्सीजन प्लांट लगाए थे। इनमें आयुर्वेदिक कालेज परिसर, माना के सिविल अस्पताल में लगा प्लांट बिना उपयोग के डंप होने की स्थिति में है। जिला अस्पताल कालीबाड़ी में भी उस दौरान प्लांट लगाया गया था जिसका उपयोग मरीज हित में हो रहा है।

### सीजीएमएससी को पत्र

प्लांट को सुधारने के लिए सीजीएमएससी को पत्र भेजा गया है। हमारे पास पर्याप्त मात्रा में मेडिकल गैस मैनिफोल्ड उपलब्ध है, जिसकी वजह से कोई परेशानी नहीं हो रही है।

*- डा. एसके भंडारी सिविल सर्जन, जिला अस्पताल*

तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 13 नवंबर 2024

10 खरोरा में मनाया गया देवउठनी एकादशी ...



10 राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रास जंबूरी में छात्रों ने ...





## खबर संक्षेप



### युवक को बेल्ट से मारा

**महासमुंद।** ग्राम गढ़सिवनी के एक युवक के साथ गांव के ही एक व्यक्ति ने मारपीट की। तुमगांव पुलिस को राहुल कुमार साहू ने बताया कि को शाम 7.30 बजे बाजार चौक गढ़सिवनी में पान दुकान से अपने घर की ओर जा रहा था, तभी पीछे से गांव के आशीष उर्फ रिंकू ध्रुव आकर मेंरे सिर को बेल्ट से मारने लगा। साथ ही उसने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को डंपर ने रौंदा, हुई मौत

**महासमुंद।** ग्राम शेर के पेट्रोल पंप के पास खड़े एक व्यक्ति को डंपर ने रौंद दिया। घटना में उक्त व्यक्ति की मौत हो गई। सिटी कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस को गुडरूपारा निवासी सतीश कन्नौजे ने बताया कि 11 नवंबर की शाम वह अपनी मोटर सायकल से घरेलू काम से शेर गांव गया था। वापस आते समय बाइक में उसके साथ शेर गांव का परिचित लेखराम पटेल भी था। देर शाम करीब 7.40 बजे पेट्रोल पंप के पास आम रास्ता ग्राम शेरगांव के पास पहुंचकर वह अपनी मोटर सायकल को खड़ी कर लघु शंका के लिए कुछ दूरी पर गया था। इस दौरान लेखराम पटेल को बाइक के पास ही खड़ा था। तभी जोरदार आवाज आने पर देखा कि फिंगेश्वर की ओर से आ रही डंपर ट्रक के चालक ने काफी तेज व लापरवाही पूर्वक अपने वाहन को चलाते हुए लेखराम पटेल का एक्सीडेंट कर दिया। प्रार्थी ने बताया कि लेखराम के शरीर में गंभीर चोटें आई थी और मृत्यु हो गई थी। तभी देखा एक्सीडेंट करने वाला डंपर भाग रहा था। ट्रक के पीछे का लाइट जलने से उसका नंबर सीजी 06 एम 1205 दिखाई दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## धान खरीदी

**खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में शासन द्वारा 12,45,963 मि.टन अनुमानित धान उपार्जन का लक्ष्य**

# 182 उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य में कल से होनी है धान खरीदी इधर कर्मचारी हड़ताल पर, समितियों में पहुंचे केवल बारदाने ही

### 130 समितियों के माध्यम से 182 उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान खरीदी 2024-25 को लेकर प्रशासन के दावों के बीच गुरुवार से जिले के 130 समितियों के माध्यम से 182 धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की शुरुआत होने जा रही है। एक तरफ जहां जिले के सभी केंद्रों में खरीदी की तैयारियां पूरी होने और पहले दिन से खरीदी होने की बात कही जा रही है। वहीं खरीदी केंद्रों में यह तैयारी केवल बारदाना के पहुंचने तक सिमटी नजर आ रही है।

खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि जिले में 130 समिति के माध्यम से 182 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की जाएगी । उन्होंने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में शासन द्वारा निर्धारित अनुमानित खरीदी 9,96,248 मी.टन के विरुद्ध 11,28,540 मी.टन की खरीदी की गई थी। इस वर्ष खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में शासन द्वारा 12,45,963 मी.टन अनुमानित धान उपार्जन का लक्ष्य प्रदान किया गया। धान खरीदी हेतु 6 विशेष जांच दल का गठन तहसीलवार किया गया है। जिसमे (तहसीलदार, खाद्य निरीक्षक, मंडी निरीक्षक, सहकारिता निरीक्षक होंगे ) इसी तरह 16 चेक पोस्ट अंतर्राज्यीय एवं अतिरिक्त पुलिस 05, वन जांच चौकी 02 के माध्यम से भी निगरानी किया जाएगा।

जिले में 182 उपार्जन केंद्रों के पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय नोडल एवं उपार्जन केन्द्र नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसके अलावा कोचियों एवं बिचौलियों की सूची तैयार कर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार को प्रस्तुत किया जा चुका है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 हेतु आवश्यक व्यवस्था पूर्ण करने हेतु चेक लिस्ट अनुसार (35 बिंदु) पूर्ण करा ली गई है। शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में कस्टम मिलिंग नीति में अनुमानित धान खरीदी 1245963 मी. टन के विरुद्ध भारतीय खाद्य निगम में 439181 एवं नागरिक आपूर्ति निगम में 119900 कुल 559081 मी. टन चावल जमा की कार्य योजना प्राप्त हुई है।

जिले मे कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ होगा जिससे जिले के किसानों में धान खरीदी को लेकर उत्साह का माहौल है।

धान खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधा हेतु स्थल की साफ-सफाई, पेयजल, किसानों के बैठने हेतु छायादार स्थान, त्रुटिरहित धान खरीदी हेतु कांटा-बांट अथवा इलेक्ट्रॉनिक कांटा का सत्यापन, मॉइश्चर मीटर का कैलीब्रेशन किया गया है। उपार्जन केंद्रों में कैप कवर, बारदाने की व्यवस्था, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, इंटरनेट सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं।

### कलेक्टर ने दिए अफसरों को सख्त निर्देश, कहा-लापरवाही न हो

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने अधिकारियों को धान खरीदी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के सख्त निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की सतत निरागनी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। धान खरीदी केन्द्रों में मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।



### नये के साथ पुराने किसान बेचेंगे अपनी उपज

जिले में 6613 नए किसानों ने समर्थन मूल्य में धान बेचने के लिए अपना पंजीयन कराया है। आगामी 14 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी में इस बार जिले के 1 लाख 62 हजार 53 किसान अपनी उपज बेचेंगे।

### धान खरीदी की तैयारी केवल बरदाने तक सीमित

जिले में समर्थन मूल्य पर की जाने वाली धान खरीदी को शुरू होने में सिर्फ एक दिन का समय शेष रह गया है। लेकिन, सोसायटी के कर्मचारी हड़ताल पर है। ऐसे में ना तो केंद्र प्रभारी की नियुक्ति हो सकी है और ना ही कंप्यूटर ऑपरेटरों को विधिवत जिम्मेदारी मिल पाई है। सोसायटियों में तालाबंदी की स्थिति के चलते धान खरीदी की तैयारी ऑपरेटरों द्वारा बारदाना रिसीव करने मात्र तक समटकर रह गई है। जबकि मंगलवार से टोकन जारी करके कल गुरुवार से धान खरीदी होनी है।

**अपराध : वाहन चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस**

# ठग ने खुद को ड्रग ऑफिसर बता नाड़ी वैद्य से ऐंठ लिए 7 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खुद को ड्रग ऑफिसर बताकर एक ठग ने सोमवार सुबह कुम्हारपारा स्थित एक नाड़ी वैद्य को डरा धमका कर लाखों की ठगी कर फरार हो गया। रायपुर रेलवे स्टेशन से उक्त ठग टैक्सी लेकर महासमुंद पहुंचा, यहां पहले उसने एक और चिकित्सक को निशाना बनाने का प्रयास किया। लेकिन, किसी कारणवश वह ठगी का शिकार नही हुआ। जिसके बाद तकरीबन 11 बजे कुम्हार पारा स्थित श्रीराम केयर क्लीनिक पहुंचा।

नाड़ी वैद्य शेषनारायण गुप्ता ने इस मामले की शिकायत सिटी कोतवाली में करते हुए घटना की सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराई है। पुलिस मामले में प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 319 के तहत अपराध दर्ज कर जांच कर रही है।

बता दें कि जिले में ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ठग आएदिन अधिक रुपए का लालच, आभूषण चमकाने, सरकारी नौकरी लगाने, डरा धमका कर और अलग- अलग प्रलोभन देकर लोगों से राशि वसूल रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में सोमवार को एक ठग खुद को फर्जी ड्रग अधिकारी बताकर नाड़ी वैद्य शेषनारायण गुप्ता के क्लीनिक पहुंचा। वैद्य को डरा धमका कर उनसे साढ़े 7 लाख रुपये ऐंठ लिया। श्री गुप्ता ने बताया कि सुबह साढ़े 11 बजे वे अपने क्लीनिक में मरीज देख रहे थे तभी काले रंग का कोट पहना एक व्यक्ति स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 04 एनपी 4194 से आया। पहले उसने खुद को आयकर अधिकारी कहा फिर नाड़ी वैद्य का इनकम टैक्स प्रोफाइल व जानकारी ली। सब कुछ ठीक होने के बाद उसने अपना परिचय ड्रग आफिसर बताया और फर्जी आई कार्ड दिखाया। फिर एलोपैथी दवा उपयोग करने की पड़ताल की। यहां भी एलोपैथी दवा न मिलने पर उने डराने धमकाने लगा और गाली गलौज की। नाड़ी वैद्य को अपमानित करने और क्लिनिक बंद कराने और जेल भेजने धमकी देकर रुपए ऐंठ लिया। श्री गुप्ता ने बताया कि घर पर रखा साढ़े सात लाख रुपये वसूलकर फर्जी अधिकारी चलते बना। बाद में इसकी सूचना पुलिस को दी गई।






### रायपुर से रेलवे स्टेशन से लिया था किराये पर वाहन

बताया गया है कि खुद को ड्रग अधिकारी कहने वाला व्यक्ति किराए की स्विफ्ट कार लेकर आया था, वाहन मौहदापारा रायपुर निवासी व्यक्ति की बताई गई है। मामले में कोतवाली प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि कार के ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ में पता चला है कि ड्राइवर ने व्यक्ति को रायपुर रेलवे स्टेशन से बिठाया और खरियार रोड रेलवे स्टेशन छोड़ा। आगे पूछताछ की जा रही है साथ ही आरोपी की भी तलाश जारी है।

# रेत का अवैध उत्खनन करते 1 चैन माउंटेन मशीन जब्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रेत के अवैध खनन में लगातार कार्रवाई के बावजूद अवैध खनन और परिवहन के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। रेत के मामले में वैध खदानों के अलावा अवैध खदानों में लगातार खनन का प्रयास जारी है, जिसकी रोकथाम के लिए कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशन में मंगलवार को खनिज एवं राजस्व टीम ने ग्राम मोहकम स्थित महानदी से अवैध रेत उत्खनन करने वालों पर सख़्ती से कार्यवाही करते हुए अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त 01 नग चैन माउंटेन मशीन को जब्त किया। चैन माउंटेन मशीन को अवैध उत्खनन कर्ताओं द्वारा झाड़ियों में छुपाया गया था जिसके रात में महानदी की रेत में पड़े निशान के आधार पर खनिज और राजस्व कर्मचारियों ने खोज निकाला। लावारिस हालत में ग्रामीणों के समक्ष जब्ती की कार्रवाई करते हुए रेत के अवैध उत्खनन को बंद कराने खनिज विभाग द्वारा जोबा मार्ग में भारी वाहनों को नदी क्षेत्र में घुसने से रोकने स्टॉपर लगाया गया है। साथ ही संबंधी पंचायतों में सरपंचों को पत्र जारी कर अवैध उत्खनन परिवहन में ग्रामीणों को सहयोग न करने तथा इस संबंध में मुनादी कराने निर्देशित किया गया।

### कार्रवाई में रहे शामिल

कार्यवाही में राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार टेकेंद्र नूरेटी, नायब तहसीलदार मोहित अमिला, सहायक खनिज अधिकारी देवेंद्र साहू एवं सिपाही प्रशांत कालू, मनीष डीडी, मनोज निर्मलकर शामिल रहे।

# प्लांट के लिए बनवा रहे सड़क, ग्रामीणों व किसानों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

हाईवे के ग्राम कौंआझर में संचालित करणी कृपा प्राइवेट लिमिटेड के संचालक निर्णय चौधरी, मनोज वर्मा स्वयं खड़े होकर नेशनल हाईवे कौंवाझर में स्वयं के पैसे से प्राइवेट सड़क बनवा रहे थे। जिसे के विरोध में आंदोलनकारी सत्याग्रही किसानों व ग्रामीणों ने पूर्व से ही मोर्चा खोल रखा है। संचालक निर्णय चौधरी द्वारा ग्रामीणों से यह कहा जा रहा था कि सड़क निर्माण की अनुमति मिली है। छत्तीसगढ़ शासन ने रोड हमें दे दिया है, परंतु, किसानों ने जब आदेश की सत्य प्रतिलिपि मांगी तो मौके से रवाना हो गए।






किसानों ने चेतावनी दी है कि काबिल कास्त भूमि, आदिवासी, शासकीय, सिंचाई विभाग, नेशनल हाईवे एवं किसानों की भूमि को मुक्त करना है। प्रदेश की विष्णुदेव सरकार नहीं कर पा रहे हैं। उच्च न्यायालय के आदेश का परिपालन 8 अगस्त 2024 को दिया गया है। किसानों ने आदेश का परिपालन करने के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह किया।

इसके बाद से मुख्यमंत्री ने जनदर्शन ही बंद कर दिया है। अवैध करणी कृपा पावर प्राइवेट लिमिटेड के संचालक निर्णय चौधरी ग्रामीणों व किसानों को उत्तेजित व आक्रोशित कर रहे हैं। वहीं किसानों ने कारखाना विधिवत बंद कराने के लिए कमर कस ली है।




### तहसीलदार कोमाखान और मंडी की टीम ने 120 क्विंटल अवैध धान परिवहन पर की कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा एसडीएम उमेश कुमार साहू ने बताया कि 11 नवंबर को तहसीलदार कोमाखान और मंडी की टीम ने अवैध धान परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। ओडिशा राज्य से छत्तीसगढ़ के ग्राम भलेसर में रात के अंधेरे में एक बाड़ी में छिपाकर रखे गए ट्रक को पकड़ा गया। इस ट्रक में लगभग 350 कट्टे यानी लगभग 120 क्विंटल धान लोड था, जिसे छत्तीसगढ़ लाकर अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। टीम ने शाम 7:40 बजे इस ट्रक को जब्त कर लिया और आगे की कार्रवाई के लिए इसे थाना प्रभारी कोमाखान के सुपुर्द किया। इस कार्रवाई का उद्देश्य धान के अवैध परिवहन को रोकना है। प्रशासनिक टीम ने स्पष्ट किया कि इस तरह की अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे, ताकि, राज्य की आर्थिक स्थिति और स्थानीय किसानों के हित सुरक्षित रहें।

### शराब जब्ती के तीन मामलों में कार्रवाई

**महासमुंद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में शराब बिक्री के तीन मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई गई है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि ग्राम भदरसी से गांजर जाने वाले रास्ते में खेत में झोपड़ी बनाकर शराब बेच रहे आरोपी आकाश राजपूत के कब्जे से 1.950 लीटर महुआ शराब तथा 5.040 लीटर देशी प्लेन शराब, कुल 6.990 लीटर, कीमत 3,170 रुपए तथा बिक्री रकम 2180 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। वहीं भंवरपुर चौकी पुलिस ने बताया ग्राम कलमीदादर में आरोपी रामेश्वर जगत पिता स्व दाउ जगत के कब्जे से 20 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब, 20,000 एमएल कीमत 4000 रुपए को जब्त किया गया। इधर पिथौरा पुलिस ने डोंगरीपाली जाने वाले रोड के किनारे आरोपी मनोज यादव पिता स्व. करूणा यादव निवासी डोंगरीपाली के कब्जे से कुल 03 लीटर देशी महुआ शराब, कीमत 600 रुपए रुपए को जब्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# आबकारी टीम ने की शराब के अवैध परिवहन मामले में की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आबकारी विभाग की टीम ने जिले के अलग-अलग जगहों पर शराब के अवैध परिवहन के मामले में कार्रवाई की है। जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन एवं प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी नीतीश कुमार कोष्टी के मार्गदर्शन में अवैध रूप से आसवित कच्ची शराब के सेवन से संभावित जनहानि को रोकने तथा आबकारी राजस्व की सुरक्षा बाबत आबकारी विभाग द्वारा की जा रही सतत कार्रवाई के क्रम में 12 नवंबर को संयुक्त टीम मे आबकारी वृत्त बसना, सरायपाली के द्वारा आबकारी वृत्त बसना के ग्राम नरसिंहपुर बांध के पास शराब का अवैध रूप से परिवहन करते हुए सावित्रीपुर निवासी टिकेश्वर कोसरिया एवं लोकनाथ बारिक के कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया। मामले में आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1)(क), 34(2), 46(2), 59(क) आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया।



आबकारी वृत्त सांकरा अंतर्गत ग्राम छुवालीपतेरा निवासी तुलसीदास बंजारा के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब व 10 किलो लाहन बरामद कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम किया गया ।

वहीं 11 नवंबर को महासमुंद शहर में संयुक्त गशत कर अवैध ढाबों एवं अस्थाई ठेलों पर अवैध रूप से शराब पिलाने की की सुविधा उपलब्ध कराए जाने पर आबकारी अधिनियम की धारा 36(ए)के तहत दो प्रकरण एवं सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने के मामले मेंर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 36(च)1 के तहत पांच प्रकरण कायम किए गए। इन कार्रवाइयों में सहायक जिला आबकारी अधिकारी दीपक कुमार ठाकुर आबकारी उपनिरीक्षक दरसराम सोनी, ह्रदय कुमार तिरपुड़े, अनिल झरिया शिव शंकर, मुकेश कुमार वर्मा, विकास बढ़ेंद्र, आबकारी आरक्षक संजय मरकाम, देवेश मांझी, राजकिशोर पांडे उपस्थित रहे।

हरिभूमि
## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**9981131365, 9098324969**

## खबर संक्षेप

### मुनगासेर में भाजपा का कार्यशाला आज

**महासमुंद।** भाजपा लोकतंत्र संगठन महापर्व चुनाव के पूर्व मंडल कार्यशाला का आयोजन 13 नवंबर 2024 बुधवार 3 बजे स्थान मुनगासेर में मंडल निर्वाचन अधिकारी छतर सिंह नायक, सह निर्वाचन अधिकारी कमलेश कुमार टांडेय की उपस्थिति में आहूत किया जाएगा। जिसमें बागबाहरा ग्रामीण मण्डल निवासरत प्रदेश/जिला के वरिष्ठ नेतागण व पदाधिकारी की उपस्थिति होगी। जानकारी देते हुए भाजपा बागबाहरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल ने मंडल के समस्त मोर्चा/प्रकोष्ठ अध्यक्ष, सदस्यता, शक्ति केंद्रों के संयोजक, सहसंयोजक, समस्त बूथ अध्यक्ष एवं मंडल के सक्रिय सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### जिला फ्लेक्स एसोसिएशन के निर्विरोध सचिव बने सिद्धांत

**महासमुंद।** महासमुंद जिला फ्लेक्स एसोसिएशन का गठन नगर



पंचायत तुमगांव के कर्मा सदन में किया गया। जिसमें नगर पंचायत तुमगांव के सिद्धांत साहू निर्विरोध सचिव चुने गए। कार्यक्रम में महासमुंद जिले के सभी विकासखंड से 24 फ्लेक्स प्रिंटिंग व्यवसायी उपस्थित हुए। सर्वसम्मति से अध्यक्ष -पंकज सोनी महासमुंद, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल बसना, सचिव सिद्धांत साहू तुमगांव, कोषाध्यक्ष - अमरनाथ झा सरायपाली, सहसचिव -अमितेश बंसल बागबाहरा, मीडिया प्रभारी -सजल अग्रवाल झलप को बनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अनिल कुंडलिया (रायपुर), शेखर श्रीवास (रायपुर), सुमीत अग्रवाल (रायपुर) एवं डीके साहू (अध्यक्ष राजिम फ्लेक्स प्रिंटर्स एसोसिएशन) मौजूद रहे।

### प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का हुआ दीपावली मिलन कार्यक्रम

**महासमुंद।** प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन ब्लाक महासमुंद द्वारा 10 नवम्बर को वृंदावन विद्यालय प्रांगण में दिवाली मिलन के कार्यकम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष डॉ. जार्ज रावटे के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने उपस्थित सभी विद्यालय के संचालकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय में छात्रों के बीच में सभी धर्मो के प्रति सम्मान और आदर की भावना पैदा करने का प्रयास होना चाहिए। जिससे समाज में भाईचारा और एकता बनी रहने में सहायक होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष माधव टांकसाले ने की। इस अवसर पर उन्होंने विज्ञान परीक्षा तथा संगठन के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शिक्षा संबधी समिति में पांच सदस्य रखे गए हैं, जिसमें बाहर से दो सदस्य अखिल भारतीय विद्या भारतीय तथा छत्तीसगढ़ प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन के भी रखा गया है। कार्यकम का संचालन एमआर विश्वनाथन ने किया। कार्यक्रम में संरक्षक पारस चोपड़ा, मनोहर महंती, राकेश श्रीवास्तव, संजय वासनिक, देवांगन (प्राचार्य वेडनर), सुजाता विश्वनाथन, राहुल चंद्राकर, घनश्याम सोनी समेत अनेक संचालकगण उपस्थित थे। सभी ने अपना विचार रखते हुए दीवाली की शुभकामनाएं दी।

# धान खरीदी से दूर भाग रही भाजपा की साय सरकार : पूर्व विधायक

- विपक्ष में रहते कर्मचारियों के आंदोलन को समर्थन देने वाले सीएम साय आज मौन क्यों है?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि सहकारी समिति कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से 14 नवंबर से होने वाली समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी ठंडे बस्ते में चली गई है। संघ की तीन सूत्रीय जायज मांगों पर शासन आंखें मूंद कर बैठी है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा विपक्ष में थी, तब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर विष्णुदेव साय ने धान खरीदी के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखा। अब खुद धान खरीदी से दूर भाग रही है। यह सरकार धान खरीदी नहीं करना चाहती। 15 दिन विलंब से धान खरीदी करने के बाद भी भाजपा की साय सरकार ने खरीदी की तैयारी नहीं की है।

चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस शासन के समय ढाई सौ करोड़ रुपए सोसायटियों को अनुदान दिया गया था। लेकिन, अभी सोसाइटी में आर्थिक भार पड़ रहा है। प्रदेश सरकार को सहकारी समितियों के कर्मचारियों के आंदोलन को समाप्त कर उनकी मांगों को पूरा करना चाहिए। कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में 72 घंटे के भीतर उठाव का नियम बनाया था। जिससे समितियों को सूखत का सामना नहीं करना पड़ता था। साथ ही पहले मार्कफेड के लिए 28 फरवरी तक समस्त धान के निपटान की बाध्यता थी। वर्तमान में इसे बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया है। इससे धान ख़रीदी के बाद सूखत की समस्या आएगी। सूखत से समितियों को आर्थिक नुकसान उठाना होगा। भाजपा जो नई नीति प्रोत्साहन राशि को लेकर बनाई है, इससे प्रोत्साहन की राशि समिति और कर्मचारियों के पास जाने की बजाय सीधे संबंधित ज़िला सहकारी बैंक शाखाओं में जाएगी। इससे भी आर्थिक बोझ बढ़ेगा। चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश



में 14 नवंबर से धान खरीदी शुरु होनी है, लेकिन धान खरीदी करने वाली प्रदेशभर के 2,058 समितियों के लगभग 13000 कर्मचारी चार नवंबर से हड़ताल पर हैं।

इसमें महासमुंद जिले के 133 समितियों के 182 उपार्जन केंद्रों में कार्यरत लगभग 700 कर्मचारी भी आंदोलन पर है। कर्मचारी संघ ने जो तीन सूत्रीय मांगें रखी हैं, इनमें पहला ये कि मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा भी प्रत्येक समितियों को तीन-तीन लाख का अनुदान दिया जाए। दूसरा पुनरीक्षित वेतनमान और तीसरा ये कि सूखत का प्रावधान करते हुए प्रति क्विंटल 500 ग्राम की क्षतिपूर्ति का प्रावधान किया जाए तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा के कमीशन की राशि समितियों को दी जाए। इन तीन मांगों में से दो मांगें वही है, जो कर्मचारी संघ ने 2021 में उठाई थीं। उस समय प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी और भूपेश बघेल मुख्यमंत्री थे। वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष थे। उस समय साय ने बघेल को पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया था। वर्तमान में उनकी सरकार है और वे स्वयं मुख्यमंत्री हैं, फिर कर्मचारियों की मांगों को पूरा ना कर पाने का क्या कारण है, उन्हें बताना चाहिए।

विपक्ष में रहते कर्मचारी हितैषी होने का ढोंग रचने वाले भाजपा नेताओं ने सरकार बनते ही कर्मचारी हित को दरकिनार कर दिया। और धान खरीदी में नए-नए नियम लादकर सहकारी कर्मचारियों की परेशानी और बढ़ा दी।

# खरोरा में मनाया गया देवउठनी एकादशी का पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खरोरा में देवउठनी एकादशी के पावन पर्व पर माता तुलसी की पूजा अर्चना की गई। संवेदना समूह के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि देवउठनी एकादशी का व्रत रखकर महिलाओं ने माता तुलसी की विवाह कराया। इस साल 12 नवंबर को मंगलवार को तुलसी विवाह का पर्व मनाया गया।

इस दिन भगवान विष्णु की पूजा अर्चना करते हैं। पौराणिक और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह को शुभ माना जाता है। साथ ही तुलसी माता के कुछ उपाय करने से शुभ फल की प्राप्ति भी होते हैं।

### रोहिना में कल सांसद करेंगे धान खरीदी का शुभारंभ व कार्यालय भवन का लोकार्पण

**सरायपाली।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति रोहिना में नवनिर्मित कार्यालय सह गोदाम का लोकार्पण एवं समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ 14 नवंबर को प्रातः 10 बजे महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी, राज्य महिला आयोग सदस्य एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, जिला भाजपा अध्यक्ष संजय शर्मा, भंवरपुर मंडल अध्यक्ष विद्या चौधरी, ग्राम पंचायत रोहिना सरपंच जज्ञसिनी चूड़ामणि साहू, भंवरपुर कोऑपरेटिव बैंक शाखा प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी छालो विशाल एवं पंचगणों की उपस्थिति में होगा। प्राधिकृत अधिकारी छालो विशाल एवं समिति प्रबंधक सीताराम चौधरी ने धान खरीदी के शुभारंभ अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में कृषकों को उपस्थित होने की अपील की है।

# राष्ट्रीय एकता शिविर गुजरात में महाविद्यालय का स्वयंसेवक शामिल

**सरायपाली।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता शिविर पाटन गुजरात में 8 नवंबर से 14 नवंबर तक पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के दल में महाविद्यालय के स्वयंसेवक सेतकुमार कोसरिया शामिल हुए हैं।

प्राचार्य डॉ. उषाकिरण अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य इकाई के कार्यक्रम अधिकारी यूके बरिहा के निर्देशन में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना का वरिष्ठ स्वयंसेवक सेतकुमार कोसरिया का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर हेमचंद्राचार्य आचार्य नॉर्थ गुजरात विश्वविद्यालय पाटन में हुआ है। यह राष्ट्रीय एकता शिविर 8 नवंबर से 14 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न राज्यों के तथा विभिन्न विश्वविद्यालय के स्वयंसेवक अपनी सहभागिता प्रदान कर रहे हैं। देश की एकता को प्रदर्शित करने के लिए तथा अपने राज्यों की संस्कृति परंपरा बोली भाषा एवं नृत्य को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर




मिलता है। छत्तीसगढ़ के स्वयंसेवक छत्तीसगढ़ महतारी का प्रदर्शनी लगाई हैं। छत्तीसगढ़ के प्रमुख करमा नृत्य, पंथी नृत्य, बस्तरिया नृत्य तथा सरगुजा के लोक नृत्य से भी अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर रहे हैं। विभिन्न राज्यों के स्वयंसेवकों द्वारा भी अपने ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया जा रहा है। राष्ट्रीय एकता शिविर के स्वयंसेवकों को प्रधानमंत्री के गांव बड़नगर और मोटेरा के सूर्य मंदिर का भी दर्शन कराया जाएगा। छत्तीसगढ़ के माटी की खुशबू को बिखरने के लिए स्वयंसेवकों का यह राष्ट्रीय एकता शिविर में सम्मिलित होना गौरव की बात है। सेतकुमार कोसरिया के इस राष्ट्रीय एकता शिविर गुजरात के पाटन में सम्मिलित होने पर राज्य संपर्क अधिकारी डॉ. नीता बाजपेई, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एलएस गजपाल, जिला संगठक डॉ मालती तिवारी, राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्राची गुप्ता तथा महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारियों सहित स्वयंसेवकों ने हर्ष जताया है।

# विद्यार्थियों को दी गई कानूनी जानकारी, विवाद से दूर रहने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय वृंदावन विद्यालय में 11 नवंबर को विद्यार्थियों को कानून संबंधी जानकारी प्रदान करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मजिस्ट्रेट दामोदर प्रसाद चंद्रा, विद्यालय के संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्या इंदु मिश्रा एवं वरिष्ठ शिक्षिका आशा ज्योति डोरा, अमृता चंद्राकर, उर्मिला अग्निहोत्री व विद्यालय के समस्त शिक्षकगण व विद्यार्थिगण उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम विद्यालय प्रांगण में उपस्थित चंद्रा का स्वागत सुजाता विश्वनाथन द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। तत्पश्चात चंद्रा ने विविध कानूनी जानकारी जैसे महिला सुरक्षा, यातायात नियम, छेड़छाड़ के विरूध नियम, विवाह संबंधी, चोरी से संबंधित कानूनी कार्रवाई, माता-पिता का पालन पोषण, कल्याण अधिनियम, चिकित्सा सहायता, शिक्षण क्षेत्र इत्यादि विषयों के बारे में जानकारी छात्रों को दी गई। विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों एवं उनके द्वारा दी जाने वाली विधिक सहायता अथवा सलाह के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि 1987 में राष्ट्रीय



विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) अधिनियम का गठन किया गया है, जो कानूनी सहायता के लिए बनाया गया है। तत्पश्चात संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन ने कानून के प्रति जागरूक रहने व कानून का दुरूपयोग न कर उसके सदपयोग को ग्रहण करने की सलाह दी। संचालिका ने लाइसेंस न बनने तक अर्थात 18 वर्ष आयु के पहले गाड़ी न चलाने के बारे में जानकारी दी। तत्पश्चात संस्था के संचालक विश्वनाथन ने बच्चों को गलत तरीके से गाड़ी न चलाने का उपदेश दिया एवं मारपीट, गाली-गलौज न करने की सलाह दी। पश्चात उपप्राचार्या इंदु मिश्रा ने जैसे गुड टच, बैड टच, श्रम कानून, माता-पिता वरिष्ठ का भरण पोषण अधिनियम, पीडित क्षतिपूर्ति योजना आदि विषयों के बताते हुए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय की समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं रेखा साहू, जागृति साहू, संध्या सोना, दामिनी वैष्णव, सुषमा साहू, चंदना सोनी, नीरू मांझी, सुमन साहू, यंशवत घृतलहरे, वर्षा चंद्राकर, एम रजनी, भूमिका वर्मा, मोनिशा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, सविता ढ़ीढ़ी, नंदिनी साहू, अंशु यादव, हीरा साहू, स्वाति ठाकुर, एकता राठी, प्रवीण साहू, रिंकी कुर्रे एवं लक्ष्मी नारायण साहू ने उपस्थित थे।

# देव संस्कृति स्कूल में स्काउट-गाइड की छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की स्काउट-गाइड की छात्र-छात्राओं ने बिरकोनी चंडी मंदिर में आयोजित विकासखंड स्तरीय तृतीय सोपान जांच शिविर में उत्साह पूर्वक भाग लिया। सभी को उनकी सफलताओं पर स्वागत संस्था के प्राचार्य ने तिलक लगाकर किया गया। इसके बाद शासन द्वारा प्रदाय प्रमाण पत्र एवं गिफ्ट संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी के माध्यम से विद्यालय प्रांगण में प्रदान किया गया। शिविर में भाग लेने वाले बच्चों ने अपने-अपने अनुभव प्रकट किए। स्काउट प्रभारी शिक्षक जितेंद्र कुमार चक्रधारी ने कहा कि इस शिविर में प्रमुख रूप से शैक्षिक आंदोलन की जानकारी, उनका उद्देश्य, समाज सेवा, अनुशासन, देशभक्ति की मूल्य को विकसित करना, चरित्र का निर्माण करना, देश का अच्छा नागरिक बनना, स्काउटिंग एवं गाइडिंग की उत्पत्ति, इतिहास, गांठों, फासों, मचान बनाना, दुर्घटना अथवा बाढ़ की स्थिति में एवं दिशा, रास्ता भटकने पर खोज के चिन्हों



द्वारा हम कैसे जीवन को सुरक्षित किया जा सकता हैं। स्काउट गाइड का आदर्श वाक्य - तैयार रहो, यह शिविर में सिखाया गया।

संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने कहा कि स्काउट गाइड का मूल मंत्र ही समाज सेवा है। इससे छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। इसका मूल लक्ष्य युवाओं को नैतिक मूल्यों और जागरूकता के साथ सामाजिक सेवा में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करना होता है। स्काउटिंग में 10 से 17 वर्ष के बालकों की गतिविधि उपयोगी प्रशिक्षण 1907 में शुरू किया गया। इस प्रकार गाइडिंग का प्रशिक्षण 1910 में प्रारंभ किया गया। स्काउट एवं गाइड आंदोलन वर्ष 1908 में ब्रिटेन में सर बेडेन पावेल द्वारा आरंभ किया गया। गाइड प्रभारी शिक्षिका गायत्री सेन ने कहा स्काउट एवं गाइडिंग का उद्देश्य चरित्र का गठन, ध्वनि स्वास्थ्य की आदतों का निर्माण, हस्तकला में प्रशिक्षण और उपयोगी कौशल प्राप्त करना, कुशलता से सेवा की एक उचित भावना की खेती है। इस लक्ष्य का पीछा करने से लड़के और लड़कियों में अच्छी नागरिकता का विकास होता है। कार्यक्रम में गाइड से पल्लवी नायक, सिद्धि नायक, साक्षी नायक, मेघा तारक, पूजा टंडन, गरिमा नायक, सुमन देवांगन, साक्षी देवांगन, जानवी साहू, स्काउट से कुणाल विश्वकर्मा, राहुल साहू, लेख राम साहू, केशव साहू, कृष्णा विभार, हिमांशु साहू, पिलेश्वर निषाद, सागर पुरेना शामिल थे। कार्यक्रम की सफलताओं के लिए प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी, शशि प्रभा थिटे (अध्यक्ष) ,नंदकुमार साहू, दूषण लाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश प्रताप, ऋषभ साहू, लोकेश चंद्राकर, योगेंद्र देवांगन, अनीता पिल्लई (प्राथमिक प्रभारी), गरिमा साहू, बसंती यादव, किरण विश्वकर्मा, सविता महंती, योगिता महाकुर, जय श्रीवास्तव, लक्ष्मी कामेश्वरी बाघ, भूमिका चंद्राकर, योगिता कन्नौजे, संजू पारेश्वर, सविता साहू, पुष्पा भारती चंद्राकर, रामेश्वरी साहू, लता निषाद, लक्ष्मी साहू, गौरी साहू, ममता प्रजापति, गायत्री साहू आदि ने हर्ष जताया है। उक्त जानकारी शिक्षक कृष्ण कुमार साहू ने दी है।

# राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रास जंबूरी में छात्रों ने लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रास जंबूरी 2024 भारती विश्वविद्यालय पुलगांव जिला दुर्ग में आयोजित हुआ। जिसमें शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द के 8 छात्र, व्याख्याता विनीता अंजलि दीवान के मार्गदर्शन में भाग लेकर वापस लौटे। जंबूरी में भाग लेने वाले छात्रों में टिकेश्वर, युवराज, भावेश, उमेश, भूपेंद्र विश्वकर्मा, भूपेंद्र चक्रधारी एवं दुर्गेश कक्षा 9वीं व 10वीं रहे। संस्था के प्राचार्य भारत साहू ने राज्य स्तरीय जंबूरी 2024 के लिए जिले से शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द का चयन करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी एवं अशोक गिरी गोस्वामी सचिव रेडक्रास सोसायटी का धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही जंबूरी में भाग लिए सभी बच्चों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

# वाणिज्य संकाय परिषद के सदस्यों का हुआ मनोनयन




महासमुंद। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 9 नवंबर को आयोजित वाणिज्य परिषद के गेट टू गैदर कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशन में नवनिर्वाचित सदस्यों को बैज लगाकर सम्मानित किया गया और उन्हें अपने कार्य में उत्कृष्टता के लिए शुभकामनाएं दी गईं। विभूति साहू को वाणिज्य संकाय परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में विभूति ने सभी उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया और सहपाठियों से वर्षभर कड़ी मेहनत कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। वाणिज्य संकाय परिषद के अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष श्रेयांश सोनी, सचिव गुलशन राठी, सहसचिव प्रीति मांझी, साहित्यिक प्रभारी देवयानी चंद्राकर, सांस्कृतिक प्रभारी संजना श्रीवास्तव, क्रीड़ा प्रभारी खेमराज यदु के मनोनयन पर समस्त सहायक प्राध्यापक और पालकों ने हर्ष व्यक्त किया है। इस विशेष अवसर पर वाणिज्य संकाय के सहायक प्राध्यापक अजय राजा (विभागाध्यक्ष), राजेश्वरी सोनी, मनबोध चौहान, मनीषा प्रधान, परवीन करीम, योगेश साहू, और अविनाश चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे।







